फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री छगनलाल चन्देल निवासी अम्बिका चौक, जल चक्की, कॉकरोली, जिला राजसमन्द
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 56/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 24.11.2020 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020/973–74 दिनांक 18.11.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस कार्यालय को दिनांक 04.09.2020 व इस अनुभाग को 08.09.2020 को प्राप्त हुआ हैं। आरटीआई आवेदन के बिंदु संख्या 01 से 05 तक की जो सूचना प्रार्थी द्वारा चाही गई वह बिंदु संख्या 01 से 04 तक कार्यालय के स्थापना अनुभाग व बिंदु संख्या 05 की न्याय अनुभाग की होने से जरिये पत्रांक क्रमांक : प.1( )सू.अ., 05/2020/710–11 दिनांक 08.09.2020 से पत्र प्रेषित कर सूचना चाही गई। प्रभारी अधिकारी स्थापना अनुभाग द्वारा बिंदु संख्या 01 से 04 तक की जो सूचना इस अनुभाग को दी गई वह प्रार्थी को जरिये पत्रांक प. ( )सू.अ., 05/2020/856 दिनांक 13.10.2020 से जरिये रजिस्टर्ड आरटीआई की धारा 7(6) के तहत निशुल्क प्रेषित की गई। प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग द्वारा बिंदु संख्या 05 तक की जो सूचना इस अनुभाग को दी गई वह प्रार्थी को जरिये पत्रांक प. ( )सू.अ., 05/2020/961 दिनांक 12.11.2020 से जरिये रजिस्टर्ड आरटीआई की धारा 7(6) के तहत निशुल्क प्रेषित की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना निशुल्क रजिस्टर्ड डाक से भिजवाये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती हैं। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर)राजसमन्द	–

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)